/font>

Title: Need to introduce mobile telephone services in Giridih, Dhanbad and Bokaro districts, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** उपाध्यक्ष महोदय, अपने संसदीय क्षेत्र के बोकारो, गिरिडीह एवम् धनबाद जिलों में सेल्यूलर मोबाइल सेवा शुरू कराने के लिए र्वा 1997 से मैं प्रयास कर रहा हूं। सदस्य उत्पादन एवम् प्रौद्योगिकी, संचार मंत्रालय द्वारा हमें आश्वस्त भी कराया गया कि निजी मोबाइल आपरेटरों द्वारा इस कार्य को पूरा करा दिया जाएगा, परंतु समय सीमा निर्धारण के बाद भी कार्य पूरा नहीं हुआ। वर्तमान में भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा बोकारो जिले में मोबाइल /डब्ल्यू.एल.एल. सेवा शुरू की गई है, परंतु बोकारो जिले के महत्वपूर्ण एवम् पुराने अनुमंडल बेरमों को इस सुविधा से वंचित रखा गया है। इस सम्बन्ध में हमने सरकार एवम् मुख्य महाप्रबंधक, टेलीफोन्स को लिखा भी है, परंतु परिणाम शून्य है।

हमारे क्षेत्र के बेरमों, गोमियाँ, गिरिहीड दूरभाा केन्द्र में टेलीफोन लाइनों पर अत्यधिक दबाव के कारण एस.टी.डी. सेवाएं प्रायः बाधित रहती हैं। इस सम्बन्ध में कई बार ध्यान आकृट कराया गया, परंतु कुछ सुधार के बाद स्थिति यथावत् बनी रहती है।

अतः सरकार से आग्रह है कि हमारे क्षेत्र के गिरिडीह, धनबाद एवम् बोकारो जिले के सभी मह्त्तवपूर्ण टेलीफोन एक्सचेंजों एवम् शहरों को मोबाइल सेवा से जोड़ा जाए एवम् टेलीफोन सेवा को प्रभावी एवम् नियमित बनाया जाए।

----------